# सामाजिक समाचार

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा इन्दौर के जिलाध्यक्ष पद पर श्री मातादीन बरनेला निर्विरोध निर्वाचित

16 जून, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा इन्दौर (म.प्र.) के जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान तीन प्रत्याशियों ने चुनाव अधिकारी के समक्ष अपने नामांकन प्रस्तुत किए। तकनीकी कारणों से दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हो गए और इस प्रकार तीसरे प्रत्याशी श्री मातादीन बरनेला जिलाध्यक्ष इन्दौर के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जबलपुर के जिलाध्यक्ष पद पर श्री रामलाल शर्मा निर्विरोध निर्वाचित

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जबलपुर (म.प्र.) की जिलाध्यक्ष पद के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें श्री रामलाल शर्मा (जांगिड) मूल निवासी सीकर को जिलाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

### आर्टिस्ट हरिमोहन जांगिड नेशनल एक्सीलेन्स अवॉर्ड से सम्मानित

आर्टिस्ट हरिमोहन जांगिड जयपुर को झीलों की नगरी, भोपाल (म.प्र.) में एक सका सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिभा व शेफाली शर्मा एवं फिल्म जगत के डायरेक्टर अभिनेता मिस्टर अहमद खान और म.प्र. पुलिस के डीजीपी श्री डी.सी. सागर के कर कमलों द्वारा इनको सम्मानित किया गया। जयपुर की आर्टिस्ट सोनम जांगिड को भी नेशनल एक्सीलेन्स अवॉर्ड से नवाज़ा गया।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा तमिलनाडु की बैठक आयोजित की गई

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा तमिलनाडु की कार्यकारिणी व आम सभा की बैठक माधवरम स्थित समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक समाज के सर्वांगीण विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई तथा जांगिड समाज को मिलजुल कर विकास के पथ पर और अधिक ऊँचाईयों तक पहुँचाए। वक्ताओं ने इस पर मंथन व चिंतन किया तथा समाज निर्माण में सभी मिलकर योगदान करें।

इस अवसर पर महासभा भवन जो दिल्ली (मुण्डका) में निर्माण होने जा रहा है, उसमें तन, मन व धन से सहयोग करने का भी बैठक में निर्णय लिया। समाज आज वैसे तो हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, लेकिन शिक्षा पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इस पर कई समाज बंधुओं ने अपने सुझाव भी दिए। अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा तमिलनाडु के प्रदेशाध्यक्ष श्री चोखाराम जांगिड ने सभी पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा तमिलनाडु में की जा रही सभी गतिविधियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर जांगिड, पूर्व प्रधान महासभा श्री कैलाश चन्द्र बरनेला, प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटका श्री गिरधारीलाल जांगिड, तमिलनाडु के वरिष्ठ आई.पी.एस. अधिकारी श्री एम.आर. जांगिड, श्री भोमाराम, श्री गोपाल कृष्ण, मांगीलाल, महावीर सहित समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।

### तहसील सभा एवं श्री जांगिड ब्राह्मण विकास समिति किशनगढ़-रेनवाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े हमसफर बने

13 जून, 2019 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर, पत्थरमण्डी, महेश नगर किशनगढ़ रेनवाल में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा एवं श्री जांगिड ब्राह्मण विकास समिति किशनगढ़-रेनवाल (जयपुर) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ।

वर-वधु व परिजनों का आगमन प्रातः हुआ। इसके बाद 15 वर पक्ष द्वारा शोभा यात्रा (निकासी) किसान शिव मन्दिर से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई बैण्ड बाजे के साथ विवाह स्थल तक पहुँची। थाम स्थापना हुई। तौरण एवं वरमाला का कार्यक्रम परम्परागत सम्पन्न हुआ। फिर सभी जोड़े पाणिग्रहण संस्कार पाण्डाल में पहुँचे जहाँ विद्वान पण्डितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पाणिग्रहण सम्पन्न कराया गया।

गणेश पूजन सर्व श्री श्री 108 सर्वेश्वरदास जी महाराज, श्री कैलाश जी लोईवाल उद्योगपति बगरू आदि द्वारा किया गया। ध्वजारोहण श्री पूनाराम जी बरनेला (पंचमुखी विश्वकर्मा) जोधपुर, श्री राधेश्याम सीलक मूण्डली, श्री लालचन्द जी राजोतिया उद्योगपति जयपुर, श्री पूरण जी उद्योगपति झोटवाड़ा जयपुर आदि के करकमलों द्वारा किया गया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्री रवि शंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली, विशिष्ट अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान मंचासीन हुए। सामाजिक सम्मेलन की अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई।

विशेष आमंत्रित अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान जयपुर, श्री भगवान राम फौजी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जोधपुर, श्री नन्दलाल खण्डेला संयोजक प्रदेश सभा आपके द्वार, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राजस्थान, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री देवी सहाय सावड़ जयपुर, श्री चौथमल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, डॉ. अशोक जांगिड (अध्यक्ष भू आवंटन समिति प्रदेश सभा राज.), श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन. अध्यक्ष मन्दिर घाट की गुणी, श्री रामजी लाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री एस.एन. जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री रोहिताश जांगिड

उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भगवान सहाय जांगिड कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री मांगीलाल जी मिराणिया, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड मांगरोल अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा जयपुर, श्री जगदीश जी डूंगरी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री चौथमल जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय संरक्षक विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री जगदीश प्रसाद शर्मा सह कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री मोहनलाल खटवाड़िया अध्यक्ष अंगिरा धाम, श्री लक्ष्मीनारायण जी सिंगवानिया संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री विनोद जी वि.जा. युवा शक्ति, श्री कैलाश जी, श्री जगदीश जी वि.जा. युवा शक्ति झोटवाड़ा जयपुर, श्री मालीराम जी दैमण (मंगलम् ग्लास) जयपुर, श्री माल चन्द जी, श्री मदनलाल जी निर्माण नगर जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, श्री बाबूलाल जी कुलीवाले, श्री अर्जुन लाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री मुंशीलाल जी उपप्रधान महासभा, श्री भंवरलाल जी उपप्रधान महासभा, श्री सांवरमल जी चौमूं, श्री सोहन लाल जाला तहसील अध्यक्ष फुलेरा, श्री मन्नालाल जी अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर, श्री हरिराम जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा नांवा, श्री भंवरलाल जी इन्दौर, श्री नोकाराम जी, श्री रामेश्वर लाल जी पांचोदा, श्री रामेश्वर लाल जी कांटिया, श्री रामेश्वर जी मीषण, श्री गोपाल जी पेड़वाल बंधे बालाजी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रतनलाल सीलक, श्री चतुर्भुज जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा जोबनेर, श्री मदनलाल राजोतिया संरक्षक प्रदेश सभा, श्री कन्हैयालाल धामा, श्री शंकर लाल बारू, श्री बाबूलाल उपप्रधान रींगस, गजानन्द जी रींगस, श्री रामस्वरूप जी हरसोलिया उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, किस्तूरमल जी अध्यक्ष मारोठ मन्दिर, नन्द किशोर जी जायलवाल मौजमाबाद, मदनलाल जी बरवाड़िया सांभर लेक, घनश्याम जी हर्षवाल, हनुमान प्रसाद पंवार, दौलत राजोतिया, रामपाल हर्षवाल आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का दुपट्टा ओढाकर एवं साफा बंधवाकर श्री कल्याण हर्षवाल तह. अध्यक्ष रेनवाल, श्री पुरुषोत्तम सीलक अ.भा.जां.ब्रा. विकास समिति रेनवाल, श्री कल्याण मल बूंदवाल, श्री गणेश नारायण हरसोलिया, श्री चतुर्भुज गोगोरिया, श्री ताराचन्द जी गोगोरिया, श्री मूलचन्द बरनेला, श्री रमेश कुमार पंवार, श्री कैलाश चन्द पंवार, श्री बजरंग लाल चिचावा, श्री रामेश्वर लाल हरसोलिया (व्यवस्थापक सा. विवाह), श्री राजेन्द्र तैराणिया आदि द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री बी.सी. शर्मा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल', श्री नन्दलाल जी खण्डेला, श्री रविशंकर जांगिड, श्री लखन शर्मा, श्री भगवान राम फौजी, श्री घनश्याम जी पंवार द्वारा मंच के माध्यम से अपने विचार रखे, जिसमें सभी ने इस सा.वि. सम्मेलन के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि शानदार समारोह का आप द्वारा आयोजन किया गया जो सुव्यवस्थित था। भोजन, पाणिग्रहण पाण्डाल, पाण्डाल एवं मंच व्यवस्था सभी बहुत अच्छी रही।

मंच संचालन श्री सुरेश पिलवाल एवं श्री गणेश नारायण जी हरसोलिया द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा नव युगलों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा विदाई दी गई। उपहार स्वरूप समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को सोने का टीका, सोने के टॉप्स की जोड़ी, सोने का कांटा, चांदी की पायजेब, आलमारी, पलंग (लकड़ी), गद्दा, चद्दर, दूल्हा-दुल्हन के कपड़े, काशी का बाटका, छत का पंखा, बिजली की प्रेस, बर्तन, प्रेशर कुकर, बाटी कुकर, दीवार घड़ी, सेन्टर टेबल, कुर्सी, स्टील टंकी, केतली, टिफिन, मसालदानी, चौकी, थर्मस, चांदी की बिछुड़ी, चांदी की अंगूठी, कम्बल, स्टील बाल्टी, सिलाई मशीन, मिक्सी, चांदी का सिक्का आदि भेंट किया गया।

### श्रीमती भारती जांगिड द्वारा आयोजित 25 दिवसीय नि:शुल्क ट्रेनिंग का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न

25 जून, 2019 को विश्वकर्मा जांगिड विकास सेवा समिति देवी नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर में श्रीमती भारती जांगिड (राष्ट्रीय महिला संयोजिका अ.भा.जां.ब्रा. महासभा) द्वारा 25 दिवसीय नि:शुल्क (योगा, सेल्फ डिफेंस, ऐरोबिक्स, फैशन गारमेन्ट, हर्बल प्रोडक्ट्स) महिलाओं का समर ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया गया, जिसका समापन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह में अतिथियों में पूर्व पुलिस कमिश्नर योगेन्द्र जोशी जी, कांग्रेस के प्रवक्ता श्री विमल यादव जी, बगरू विधायक प्रत्याशी श्री गोमा सागर जी, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बी.सी. रावत एडवोकेट (अध्यक्ष समन्वय मन्दिर कमेटी खजाने वालों का रास्ता), श्रीमती बीना शर्मा, श्री विकास जी योगा थैरेपिस्ट, श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्रीमती मंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती नीलम शर्मा अध्यक्ष कुबेर समिति, श्रीमती चित्रा जांगिड, श्रीमती शीला जांगिड (सिंगर), श्री दिनेश जी कड़वाणिया उपाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री राधा किशन जी जांगिड फरडौद (नागौर), श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम समारोह का शुभारंभ गणेश वन्दना के साथ हुआ। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर श्रीमती भारती शर्मा, श्री नवरंग जांगिड, श्री सोहनलाल जांगिड, श्री एस.एल. खाती एवं अन्य विश्वकर्मा जांगिड विकास सेवा समिति देवी नगर समाज बंधुओं द्वारा किया गया।

मंच संचालन श्री सोहनलाल जांगिड द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री योगेन्द्र यादव जी द्वारा अपने उद्बोधन में 10 महिलाओं को डर से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं के प्रति अन्याय से किस प्रकार लड़ा जा सकता है, उस पर विचार रखे। आपने अपना स्वयं के घर का उदाहरण देकर भी समझाने का प्रयास किया।

क्राईम के बारे में जानकारी देते हुए बताया आज सब ऑन लाईन है, आप मोबाइल के द्वारा भी सुरक्षा पर सूचित कर सकते हैं। उन्होंने कहा अगर पुलिस से परेशानी हो तो भी आप मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री लखन शर्मा द्वारा भी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया तथा आपने अपने कार्यकाल में हुए महिलाओं के लिए किए गए कार्यों पर दृष्टिपात किया।

छोटे-छोटे नन्हों ने रैम्प वाक किया, महिलाओं द्वारा गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। समर कैम्प में महिलाओं द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट्स व परिधानों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह ने अवलोकन किया।

भारती शर्मा द्वारा भी अपने उद्‌बोधन में सम्बोधित करते हुए कहा कि इस समर कैम्प ट्रेनिंग पीरियड में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं यह साबित भी कर दिखाया अपने हुनर को अपने प्रोडक्ट्स के माध्यम से। उन्होंने कहा यह जरूरी नहीं है कि महिलाएं घूंघट से पीछे रह जाती हैं। उन्होंने बताया सच तो यह है कि ऐसी लड़ाई घर से शुरू नहीं करके परिवार के बड़े बुजुर्गों की इच्छा का ध्यान रखकर भी महिलाएं स्वयं में छिपी बहुत सी क्षमताओं को समाने ला सकती है, क्योंकि जब वो बड़ों का विरोध नहीं करेगी तो उसको सही कार्य के लिए रोक-टोक नहीं होगी, उनका साथ व आशीर्वाद उनको प्राप्त होगा। सभी ने भारती जी के इस आयोजन को सार्थक करने व महिलाओं के हितों को आगे बढ़ाने व 25 दिनों तक चले इस समर ट्रेनिंग कैम्प के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनके हुनर को सामने भी लाने पर बधाई दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में फोक डांस, एकल डांस तथा राजस्थानी गीतों का नृत्य के साथ सुन्दर आयोजन हुआ।

इस अवसर पर अंजू जांगिड, डिम्पल जांगिड, विमला, लीना जी आदि सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

अंत में भारती जी ने सभी का आभार प्रकट किया।

### अनुपमा जांगिड योग शिविर के माध्यम से महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए कर रही है प्रेरित

अनुपमा जांगिड धर्मपत्नी राजेश जांगिड बहरोड़, अलवर पिछले आठ वर्षों से "इनरव्हील क्लब" व "पतंजलि योग समिति" से जुड़ी हुई हैं। आप वर्तमान में राजस्थान प्रदेश महिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर हैं। आप पतंजलि बहरोड़ की तहसील प्रभारी भी हैं। उपाध्यक्ष जांगिड महिला संगठन, जिला सभा अलवर, इण्डियन मीडिया काउंसिल, जिलाध्यक्ष अलवर अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार, महिला तहसील प्रभारी बहरोड़ पतंजलि योग समिति, साहित्य सचिव अ.भा. साहित्य परिषद बहरोड़ इकाई, अध्यक्ष इनरव्हील क्लब बहरोड़, जिलाध्यक्ष अलवर, जय हिन्द मंच। इन्होंने बालिका व महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ योग द्वारा स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर रही है। बालिकाओं व महिलाओं की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में योग शिविर आयोजित करती हैं। जहाँ योग कक्षाओं द्वारा स्वास्थ्य अच्छा रखने पर बल देती है। क्लब जरूरतमंद महिलाओं को रचनात्मक कार्यों को लेकर सदैव अग्रणी हैं। जिनके द्वारा बालिका व महिलाओं के विकास को लेकर कार्य कर रही हैं। इन्होंने 11 बालिकाओं को गोद लिया हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अनुपमा ने अपनी स्वयं की पहचान बनाई और यह तब संभव हुआ जब वे घर की दहलीज से बाहर निकलकर महिलाओं में हौंसले की उड़ान भरी।

इसके साथ ही कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कन्या जन्म को मनाते हैं एवं आमजन को जागरूक करते हैं। उन्हें गोद लेकर उनकी सारी शिक्षा का खर्च उठाते हैं। गरीब एवं असहाय परिवार की कन्याओं का कन्यादान भी करते हैं। बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को उभारने के लिए, स्कूलों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत करते हैं व प्रोत्साहित करते हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई, ब्युटीशियन आदि की क्लासेज भी देते हैं तथा उन्हें आत्म निर्भर बनाते हैं। महिलाओं में तीज त्यौहारों पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं रखकर उन्हें पुरस्कृत करते हैं ताकि अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को नव ऊर्जा से भरपूर करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों व इस तरह की प्रतियोगिताओं में बच्चों को अवश्य रूप से शामिल करते हैं ताकि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित हों और भविष्य में उनका निर्वहन भी करें। स्वास्थ्य जागरूकता के लिए वे नि:शुल्क चिकित्सा एवं योग शिविरों का समय-समय पर सार्वजनिक स्थानों पर आयोजन करती रहती हैं ताकि सभी जन शारीरिक, मानसिक, आत्मिक व आध्यात्मिक सभी रूपों में स्वस्थ रह सकें।

इस प्रकार आप जनहित में महिलाओं व बालिकाओं को सदैव स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती रही हैं।

### श्री विश्वकर्मा सुथार समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रथम स्थापना दिवस एवं सामाजिक जागरूकता महा सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

2 जुलाई, 2019 को श्री विश्वकर्मा सेवा समिति जोधपुर द्वारा आयोजित प्रथम स्थापना दिवस एवं सामाजिक जागरूकता महा सम्मेलन समारोह श्री विश्वकर्मा सुथार समाज भवन, गायत्री नगर, पालरोड़, जोधपुर (राज.) में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुमेर जी सुथार उद्योगपति बड़ौदा गुजरात एवं श्री तुलसीराम जी कुलरिया, जिलाध्यक्ष नागौर (अ.भा.जां.ब्रा. महासभा) थे। समारोह की अध्यक्षता श्री मानाराम ओढ़ाणा अध्यक्ष श्री वि. सुथार सेवा समिति द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में श्री हरिश आर. जांगिड प्रमुख जां.ब्रा. मारवाड़ सभा बाड़मेर, श्री बांकाराम जी बरड़वा जिला अध्यक्ष बाड़मेर अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, श्रीमती मंजुला धीर उपप्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, श्री मसिंगाराम जांगिड एस.डी.एम., श्री तेजाराम जी ओढ़ाणा जोधपुर, श्री राणाराम जी कुलरिया चोहटन, श्री छगन जी सुथार सूरत, श्री भोमराज कुलरिया बाप एकता फोर्स, श्री सांगाराम जी सुथार बाप, श्री गोपाल जी सुथार बीकानेर, बद्री जी सुथार देशनोक आदि मंचासीन हुए।

श्री विश्वकर्मा जी पूजा की एवं आरती अतिथियों द्वारा की गई। सभी अतिथियों एवं भामाशाओं का स्वागत माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया।

समारोह में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरुतियों को मिटाने का संकल्प लिया गया।

संस्था अध्यक्ष श्री भानाराम जी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज की वृद्ध, विधवा, लाचार-बिमार व असहाय परिवारों की मदद करने के लिए ही है। नागौर जिलाध्यक्ष तुलसीराम कुलरिया ने समाज सेवा के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया तथा शिक्षा पर भी जोर दिया। श्री सुमेर सुथार व श्री हरिश जी ने समाज में एकता की अलख जगाने पर जोर दिया। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स की टीम ने भी हर प्रकार से सहयोग देने का आश्वासन दिया।

नागौर से सह कोषाध्यक्ष श्री कानिराम जी, जिला संगठन मंत्री श्री ओमप्रकाश जी धामु, जिला प्रचार मंत्री श्री गोविन्द राम कुलरिया व मुख्य कार्यकारिणी सदस्य श्री राधेश्याम जी पालड़िया ने भी समारोह में उपस्थिति दी।

इस अवसर पर तुलसीराम कुलरिया द्वारा समिति की कार्य करने की सराहना करते हुए समिति अध्यक्ष श्री मानाराम जी को 31000/- रु. की राशि प्रदान की। बड़ौदा से सुमेर सुथार द्वारा संस्था को 51000/-रु. का सहयोग दिया तथा कई लोगों ने नकद राशि का सहयोग दिया।

इस अवसर पर चौहटन, बाड़मेर, सिणधरी, धोरीमना, नागौर, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्री गंगानगर, सुजानगढ़, चुरू, फलौदी आदि देश के विभिन्न स्थानों से समाज बंधुओं ने पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था के प्रचारमंत्री अशोक सुथार द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं भामाशाओं का आभार प्रकट किया।

मंच संचालन युवा एंकर श्री त्रिलोक एस. सुथार ने अपनी मधुर वाणी से अपने निराले अंदाज में किया।

सभी ने भोजन प्रसादी का आनन्द लिया तथा रात्रि को भजन संध्या (जागरण) का कार्यक्रम हुआ, जिसमें गायक कलाकार अनिल नागौर, दौलत गरवा ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

30 जून, 2019 को अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा, शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर, जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मोहनपुरा बालाजी मन्दिर प्रांगण, केसर चौराहा, रामपुरा रोड़, सांगानेर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली थे। समारोह की अध्यक्षता श्री राजेश जांगिड (नोहटा) तहसील अध्यक्ष सांगानेर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बाबूलाल जांगिड सरपंच (लावण्डीवाल) कपूरा वाले उपप्रधान महासभा, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर थे। अतिथियों में श्री गजानन्द जांगिड (एक्सईएन) अध्यक्ष प्रबंध समिति विश्वकर्मा मन्दिर घाट की गुणी जयपुर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिलासभा, श्री दिनेश जी कड़वाणियां उपाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री कमलेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा रामपुरा रोड़, श्री मुकेश झाझवाड पूर्व तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री रमेश जी रावत तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री रोहिताश जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड मांगरोल अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा, जयपुर, श्री सत्यनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री जगदीश डूंगरी महामंत्री जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री रमेश जी रजमाणा जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री रामस्वरूप जी सांगानेर जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री शंकर लाल जी, श्री पप्पूलाल सोलाणिया अध्यक्ष सा.वि. सम्मेलन डिग्गी, छोटेलाल जी प्रहलादपुरा, श्री शम्भुदयाल जांगिड जयपुर डेयरी, श्री सुरेश जांगिड, श्री नाथूलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष कोटखावदा, श्री पूरण जी टोंक, कमलेश जी युवा अध्यक्ष टोडा, महेन्द्र जी युवा शक्ति टोंक, श्री परमेश्वर जी तहसील अध्यक्ष दूनी, श्री सत्यनारायण जी महामंत्री दूनी, श्री घासी लाल जी संगठन मंत्री दूनी, श्री महेश जी तह. अध्यक्ष टोंक भरनी, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री हजारी लाल जी रानोली, श्री रामअवतार जी रानोली, श्री लल्लूलाल जी सेदरिया पूर्व तहसील अध्यक्ष निवाई आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजा एवं आरती करने के उपरान्त समारोह का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) का सम्मान नवनिर्वाचित शाखा सभा अध्यक्ष रामपुरा रोड़ श्री नन्द किशोर जांगिड रानोली, श्री राजेश जांगिड तहसील अध्यक्ष सांगानेर, श्री कमलेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा रामपुरा रोड़ एवं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं श्री घनश्याम पंवार जी का भी माल्यार्पण, दुपट्टा, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया और सभी अतिथियों का सम्मान, माल्यार्पण, दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर शाखा सभा पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पूर्व शाखा सभा अध्यक्ष श्री कमलेश जी द्वारा उनकी कार्यकारिणी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं श्री कमलेश जी का भी समिति पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, साफा बंधवाकर, प्रतीक चिह्न भेंट कर गर्म जोशी से सम्मान किया गया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्द किशोर जांगिड का भी तहसील सभा बस्सी, कोटखावदा द्वारा साफा बंधवाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी (लगभग 30) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। मंच संचालन श्री सियाराम जांगिड कुरथल द्वारा किया गया।

अतिथि उद्‌बोधन हुआ। जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार द्वारा

अपने उद्बोधन में कहा कि लगातार रामपुरा रोड़ शाखा सभा एक उदाहरण पेश करती आई है, जहाँ निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होते हैं। इससे दूसरी संस्थाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। शाखा सभा को बहुत-बहुत बधाई। निर्विरोध चुनावों से समाज विभाजित नहीं होता है तथा सामाजिक समरसता बनी रहती है।

समाज में अभी तक ऐसे आयोजनों को सार्थक बनाने के लिए इच्छा शक्ति कम दिखाई देती है। इतना बड़ा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया, लेकिन उपस्थिति बहुत कम रही। यह समाज का कार्यक्रम है क्यों करते हैं हम शपथ ग्रहण का कार्यक्रम, लेकिन हम अभी तक इसका हम सदुपयोग नहीं कर पाए। इसलिए हम इतनी प्रोग्रेस नहीं कर पाए। हमारी शाखा सभाएं, ब्लॉक सभाएं, तहसील सभाएं मिलकर ही जिला सभा का गठन होता है। सभी मिलकर जिले के लिए कार्य करते हैं ताकि जांगिड समाज आगे बढ़े। राजनीति, सामाजिक, शिक्षा एवं कुरुतियों आदि पर हमारी कार्य प्रणाली का फोकस रहे।

गत बार आपने जो जिला सभा के लिए मुझे जिम्मेवारी दी हमने कुछ अलग हटकर कार्य किए। शिक्षा कल्याण कोष की स्थापना की जो अभी पौधे के रूप में है किन्तु हमें इसे वट वृक्ष का रूप देना है। हमारा लक्ष्य 10 लाख रुपए इस कोष में बढ़ाना है, जिससे यह शिक्षा के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सके।

जिला सभा ने प्रतिभाओं का सम्मान किया, खेलकूदों की शुरूआत की। वृद्धजनों का सम्मान समारोह, समाज की सम्पत्तियों के संरक्षण के लिए कार्य किया। छात्रावास व भवन के लिए भूमि आवंटन की मांग भी जिला सभा द्वारा रखी गई। हमारे प्रधान जी भी आज शाखा सभा के कार्यक्रम में उपस्थित हुए ये समाज के लिए समय निकालकर इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

श्री रविशंकर जी द्वारा अपने उद्बोधन का, रामपुरा रोड़ शाखा सभा की नवगठित कार्यकारिणी व अध्यक्ष श्री नन्द किशोर जांगिड को भव्य कार्यक्रम के लिए, धन्यवाद देते हुए कहा कि ये ऐसी संस्था है, जहाँ निर्विरोध चुनाव होते हैं, पहले राजेश जी नोहटा, इसके बाद कमलेश जांगिड अरणिया तथा वर्तमान में श्री नन्द किशोर जांगिड (रानोली) निर्विरोध अध्यक्ष बने। और आप तीनों ही इस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। सभी ने कार्य किया है। जिला सभा जयपुर में श्री मदनलाल जी आमेरिया के बाद श्री नवल किशोर शर्मा, श्री हरिशंकर जांगिड, श्री सुरेश पिलवाल एवं वर्तमान में श्री घनश्याम पंवार जी द्वारा भी जिला सभा के लिए अच्छा कार्य किया व कर रहे हैं। अब आगे भी आप लोगों को जिला सभा के लिए भी अच्छा कार्य करने वाला व्यक्ति लाना है। मैं पुन: शाखा सभा की नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देता हूँ।

शाखा सभा रामपुरा रोड़ की नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्री नन्द किशोर जांगिड (रानोली), संरक्षक के रूप में श्री पप्पूलाल देशमा, कालू जी डालूवाडा, राजेश जी नोहटा, कमलेश जी अरनिया, लक्ष्मण जी पन्द्रेहेडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष : श्री बद्री जी जयसिंहपुरा, उपाध्यक्ष : अशोक बालीथल, पूर्ण जी पहाड़ी, राधेश्याम जी लालपुरा, हरिनारायण जी, वरिष्ठ सलाहकार : ताराचन्द जी, सत्यनारायण जी, रमेश जी जाला, मंत्री : योगेश जी, नन्दलाल जी गोकुलपुरा, कोषाध्यक्ष : रामअवतार जी (बृज किशोर जी), सह कोषाध्यक्ष : रमेश जी खातोला, संगठन मंत्री : प्रहलाद जी देव गांव, रामलक्ष्मण उंटीटाना, हनुमान जी सन्देड़ा, शिवजीराम डमली का बास, शाखा प्रभारी : ओम जी बिसलपुर, श्रवण जी कलमण्डा, सलाहकार : सीताराम जी, लादू जी राणोली, सांस्कृतिक मंत्री : राजेश जी कींजा, त्रिलोक जी गुडा, प्रचार मंत्री : बाबूलाल जी भानपुरा, दिनेश जी देवगांव, धनराज जी, ओम जी, मंच संचालक : धर्मराज मण्डावर आदि सम्मिलित थे।

अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्द किशोर जांगिड द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति अरिहन्त नगर, छात्रावास, पाल रोड़, जोधपुर के चुनाव सम्पन्न**

दिनांक 9 जून, 2019 को मासिक आमसभा में प्रात: 11 बजे विश्वकर्मा जी की पूजा के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें समिति संरक्षक श्री जे.पी. शर्मा व चम्पालाल जी शर्मा व ताराचन्द जी जांगिड व नरेन्द्र कुमार जी खण्डेलवाल की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का चुनाव हेतु विचार-विमर्श हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से श्री रामदीन शर्मा को अध्यक्ष पद हेतु प्रस्ताव रखा। जो सभी ने सहमति प्रदान की और अध्यक्ष श्री रामदीन शर्मा को चुना गया और साथ ही सभी सदस्यों ने अध्यक्ष रामदीन शर्मा को माला पहनाकर स्वागत किया। संरक्षक जे.पी. शर्मा, चम्पालाल शर्मा व ताराचन्द जांगिड ने रामदीन शर्मा को श्री विश्वकर्मा भगवान को साक्षी मानकर अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई और अध्यक्ष को नई कार्यकारिणी हेतु पूरा अधिकार दिया गया। साथ ही समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि हर विभाग से पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाएंगे जो एक सप्ताह के अन्दर नई कार्यकारिणी बनाकर उसको शपथ दिलाने का वादा किया। दिनांक 16 जून, 2019 को 11 बजे श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति के छात्रावास में बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री रामदीन शर्मा ने की तथा श्री गणपतलाल जी सुथार सेवानिवृत्त आर.ए.एस., हजारीलाल जांगिड, चम्पालाल शर्मा मौजूद थे। अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के लिए श्री गणपतलाल जी सुथार को अधिकृत किया। नई कार्यकारिणी निम्न प्रकार है-वरिष्ठ उपाध्यक्ष ई. आशाराम जांगिड, उपाध्यक्ष : ई. महेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. रासाराम सुथार, श्री खेताराम सुथार, महिला उपाध्यक्ष : श्रीमती इन्दु शर्मा, सचिव : जसराज सुथार, सहसचिव : ओमप्रकाश जी पिड़िहारिया, महिला सहसचिव : श्रीमती रेणु शर्मा, कोषाध्यक्ष : श्री उदाराम सुथार, संगठन मंत्री : श्री प्रकाश चन्द शर्मा, श्री परसाराम जाला, प्रचार मंत्री : प्रेमाराम सुथार, श्री कैलाश चन्द जांगिड, खेलकूद मंत्री : मदन गोपाल जांगिड, उत्तम जांगिड, संयोजक महिला प्रकोष्ठ : श्रीमती रेखा शर्मा को श्री गणपतलाल जी सुथार ने इन कार्यकारिणी को

भगवान श्री विश्वकर्मा को साक्षी मानकर शपथ दिलाई गई। साथ ही सलाहकार कमेटी गठित की गई। जिसमें श्री खींवराज जांगिड, बुलाराम सुथार, श्रवण कुमार जांगिड, रमेश चन्द्र कींजा, राधा कृष्ण सुथार, श्री अमरलाल जांगिड, श्री छगाराम सुथार, चन्द्रशेखर शर्मा, इन्द्राज जांगिड, पेंपाराम सुथार, डॉ. ओमप्रकाश सुथार, डॉ. श्यामलालजी जांगिड को सलाहकार कमेटी सदस्य बनाया गया।

कार्यकारिणी सदस्य : सर्व श्री बाबूलाल माकड़, रामलाल सुथार, पंकज शर्मा, राजूराम माकड़, भंवरलाल जी सुथार, प्रदीप शर्मा, आसूलाल सुथार, प्रभुराम सुथार, राजेन्द्र प्रकाश शर्मा, गोरधन जांगिड, ललित जांगिड, नवल किशोर शर्मा, गोपीलाल शर्मा, कृष्णलाल जांगिड, शान्ति स्वरूप जांगिड, रामप्रकाश शर्मा, बंशीलाल जांगिड, रामेश्वरलाल शर्मा, गजेन्द्र सुथार, वासुदेव नागल, विक्रम नागल, सत्यनारायण दुर्गेसर, अभिषेक शर्मा, गोपाल शर्मा, भगवानाराम कुलरिया, रामस्वरूप शर्मा, श्रीमती मंजुलता शर्मा, श्रीमती दीप्ती शर्मा, श्रीमती प्रेमलता शर्मा, श्रीमती मधु शर्मा, श्रीमती ललिता शर्मा को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

समिति के संरक्षक : सर्व श्री जे.पी. शर्मा, श्री हजारी लाल जांगिड, श्री चम्पालाल शर्मा, श्री प्रेमसुख शर्मा, श्री नन्दलाल जांगिड, श्री ताराचन्द जांगिड, नरेन्द्र कुमार खण्डेलवाल, डॉ. सुखदेव सुथार, चम्पालाल जांगिड, श्रीमती मीना शर्मा को संरक्षक बनाया गया। संरक्षक हजारी लाल जी जांगिड ने कहा कि हर सरकारी विभाग में नई नियुक्ति पर समाज के प्रतिनिधि लगे हुए हैं, उनको समिति का सदस्य बनाया जाए और साथ ही जांगिड ज्योति स्मारिका तृतीय संस्करण निकाला जाए।

संरक्षक चम्पालाल जी शर्मा और जे.पी. शर्मा ने मासिक बैठक में निवेदन किया कि कर्मचारी ज्यादा से ज्यादा भाग लेवें और सहयोग करें।

अध्यक्ष रामदीन जी शर्मा ने पिछली कार्यकारिणी के पूर्व अध्यक्ष प्रेमसुख जी शर्मा के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की एवं आगे की समिति की गतिविधियों को देखते हुए योजनाप्रद कार्य करने का अध्यक्ष रामदीन शर्मा ने आश्वासन दिया और समिति में नए युवा सदस्यों को आगे आकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और महिला सदस्य को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

मंच संचालन जसराज जी सुथार ने किया और अध्यक्ष रामदीन शर्मा ने इस मीटिंग में समिति के महानुभाव पधारे उनका हार्दिक आभार प्रकट किया।

अध्यक्ष : रामदीन शर्मा

**श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति सीकर द्वारा जांगिड बालिका छात्रावास, सीकर का भव्य शिलान्यास समारोह सम्पन्न**

15 जून, 2019 को वृंदावन विहार, आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे राधाकिशनपुरा, जयपुर-झुंझुनू बाईपास, सीकर में श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति सीकर के तत्वावधान में जांगिड बालिका छात्रावास का भव्य एवं ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह शिक्षा नगरी सीकर में आयोजित किया गया। जांगिड समाज की ओर से बालिका छात्रावास की नींव की यह देश में प्रथम पहल रही।

श्री जोगाराम जी जांगिड (आईएएस) के मुख्य आतिथ्य में हुआ तथा समारोह की अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में श्री नेमीचन्द जी शर्मा भामाशाह एवं प्रसिद्ध उद्योगपति गांधीधाम, श्री दिनेश कुमार जांगिड "सारंग" आईआरएस (प्रेरणा स्रोत), समारोह संयोजक श्री सूरजमल सेवदड़ा एवं श्री रामप्रसाद जांगिड रोसावा, अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती देवयानी (आरएएस), श्री देवेन्द्र शर्मा (से.नि. आरएएस), श्री मक्खन लाल जांगिड (डीटीओ) तथा विशिष्ट अतिथियों में श्री रामचन्द्र उत्ता नागौर एवं श्री राकेश जांगिड तारानगर चुरू भाजपा प्रत्याशी विधान सभा से, श्री राधा किशन जी फड़ोद नागौर, श्री पवन जी आरएएस, श्री देवाराम जी (आरएएस) (सीईओ जिला परिषद), श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री हरीश जी मारूडि बाड़मेर, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री हरदयाल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर, श्री शंकर लाल लदौया सीकर, श्री श्याम जी सुथार चेन्नई, श्री मोहनलाल जी अमरावती, श्री भैरूलाल जी अमरावती, श्री हरजीराम जांगिड मुम्बई, श्री प्रमोद कुमार जी सूरत, श्री रामेश्वरलाल जी नागवा एवं श्री राधेश्याम जी नागवा (दुबई), श्री राजेन्द्र कुमार जी रोसावा उदयपुर, श्री ताऊ शेखावाटी, श्री राजेश जांगिड प्रदेशाध्यक्ष तेलंगाना, श्री सियाराम जांगिड हैदराबाद, श्री मूलचन्द जी फरीदाबाद, श्री गौरीशंकर जी, श्री खेमचन्द जी अलवर पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री राज जांगिड अभिनेता, श्री यादराम जांगिड दिल्ली, श्री कजोड़मल जांगिड उदयपुर, श्री बनवारी लाल जी खण्डेलसर, श्री चौथमल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, श्री महावीर जी गुजरात, प्यारेलाल जी, गिरधारी जी दुबई, सांवरमल जी सीकर, ताराचन्द जी फतेहपुर, श्री राजकुमार उदयपुर, मदनलाल जी हनुमान जी बक्श, श्री रामरतन जी, मोहन जी अमरावती, रविदत्त जी कोलकता आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना के साथ ही आरती के साथ समारोह प्रारंभ हुआ। सभी अतिथियों का श्री चिरंजीलाल जी अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति सीकर, कजोड़मल, नन्दलाल, पुरुषोत्तम लाल, चौथमल, नरेन्द्र जांगिड, कृष्ण कुमार जांगिड एवं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। जो बहुत अदब से हुआ। खातीपुरा की महिलाओं द्वारा मंगलगीत का गायन हुआ।

यह पहला सुअवसर था जब देश में समाज का बालिका छात्रावास की नींव का भव्य एवं ऐतिहासिक समारोह हुआ। विशाल पाण्डाल और वह भी खचाखच भरा हुआ। लगभग तीन हजार से अधिक की संख्या यह दर्शाती है कि हमारा समाज अब बालिकाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है। पूरे देश से कोने-कोने से यह समाज बन्धुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एन.आर.आई. भी इस

सुअवसर पर पधारे और इस ऐतिहासिक समारोह की न केवल शोभा बढ़ाई बल्कि सभी ने खुले मन से छात्रावास के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए हस्त मुक्त दान स्वरूप सहयोग किया। उपेन्द्र शर्मा द्वारा संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस जांगिड बालिका छात्रावास जिसकी 1000 वर्ग जमीन है तथा इसमें 61 कमरों का निर्माण करवाया जाएगा, जिसमें लगभग 200 से अधिक बालिकाएं रहकर अध्ययन कर सकेंगे। लगभग एक करोड़ सैतीस लाख में यह भूमि क्रय की गई। बोरिंग करवाया गया, जिसमें प्रचुर मात्रा में मीठा पानी है। पूर्ण रूप से अत्याधुनिक सुविधा युक्त इस छात्रावास का निर्माण लगभग एक वर्ष में करा दिया जाएगा, जिसमें कमरे में अटैच बाथरूम, भोजनालय, पुस्तकालय, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सी.सी. टी.वी. कैमरे, वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था, सोलर प्लांट, लिफ्ट आदि की सुविधा भी रहेगी तथा कुशल प्रबंधन होगा।

प्रतिवेदन में बताया कि छात्रावास से 1830 विद्यार्थियों में से लगभग 250 बच्चे नेशनल प्रतिभाओं के रूप में निकले हैं, जिसमें आई.आई.टी., मेडिकल, लेक्चरर, द्वितीय श्रेणी शिक्षक, एयर फोर्स, नेवी, पटवारी, एस.एस.सी., बैंक तथा इसरो में भी दो विद्यार्थी चयनित हुए। एक आई.ए.एस. एवं एक आर.ए.एस. में भी सलेक्ट हुआ।

सूरजमल सेवदड़ा व रामप्रसाद जांगिड ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

श्री दिनेश कुमार ''सारंग'' (आईआरएस) द्वारा मंच संचालन किया गया। वहीं पर आपकी टीम श्री विश्वकर्मा मित्र मण्डल अहमदाबाद ने इस ससारोह को सफल बनाने के लिए व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। आप इस समारोह के प्रेरणा स्रोत एवं मार्ग दर्शक प्रारंभ से रहे। आपके द्वारा बहुत ही सराहनीय निर्देशन के साथ ओजस्वी मंच संचालन ऐसा किया कि भामाशाओं द्वारा हस्त मुक्त से छात्रावास के निर्माण के लिए दान देने वालों की झड़ी लग गई। सही है किसी भी कार्यक्रम/समारोह की सफलता उसके मंच संचालन पर निर्भर होती है। आपने अपने अनुभव व कुशलता से मंच संचालन किया।

समारोह में श्री जोगाराम जी आईएएस, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, श्री रामेश्वर जी नागवा, श्री नेमीचन्द जी गांधी धाम, श्रीमती देवयानी जांगिड, श्री यादराम जी दिल्ली, श्री अनिल एस. जांगिड गुड़गांव, श्री चिरंजीलाल जी अध्यक्ष छात्रावास आदि द्वारा भूमि पूजन एवं नींव का शिलान्यास किया।

विशाल पाण्डल में दूर से मंच को संचालित एवं अतिथियों के सत्कार को देखने के लिए विशाल एलईडी स्क्रीन 20 बाई 5 फीट मंच के पीछे लगाई गई। इतना ही बड़ा विशाल मंच भी बनाया जहाँ समाज के सभी गणमान्य व्यक्ति, राजनैतिक पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं भामाशाह विराजमान रहे। बालिकाओं द्वारा बीच-बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां समारोह में प्रस्तुत की।

इस अवसर पर श्री जोगाराम जांगिड (आईएएस) द्वारा अपने उद्‌बोधन में इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज को इन चार क्षेत्रों के लिए कार्य करना है जो ''Four-S'' है। S-(अ) संगठन (ब) समाज (स) शिक्षा एवं (द) संस्कार के ऊपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

श्रीमती देवयानी जी ने भी शिक्षा के प्रति ऐसे समारोह आयोजन करने वाली समिति को धन्यवाद दिया।

श्री नेमीचन्द जी ने भी शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि समाज को अगर अग्रणी बना सकती है वह शिक्षा ही है और ऐसे कार्यक्रमों में सभी को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। अपनी ओर से भी आपने 11 लाख की राशि छात्रावास में देने की घोषणा की। हरजी राम मुम्बई ने भी कहा कि आज सीकर ने एक इतिहास रच दिया। उन्होंने श्री सूरज मल सेवदड़ा एवं श्री चिरंजीलाल जी को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

श्री बी.सी. शर्मा जी ने भी इस भव्य आयोजन की सराहना की तथा अपनी ओर से 1 लाख रुपए का सहयोग देने की घोषणा की।

श्री लखन शर्मा जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सभी भामाशाह, समाज, श्री सूरजमल जी सेवदड़ा तथा आयोजकों की पूर्ण टीम को बधाई देता हूँ, जिनके प्रयास से यह सफलतम् कार्यक्रम संभव हो सका। यह एक नींव का पत्थर साबित होगा समाज के इतिहास में। सभी संस्थाओं, जिला आदि को गर्ल्स हॉस्टल बनाने के लिए आज शपथ लेनी चाहिए। आज जांगिड समाज का नाम टॉप पर है, इस तरह के कार्यों के आयोजन होने चाहिए। हमें गर्व है कि हमने जांगिड समाज में जन्म लिया। पुन: आयोजन कर्ताओं को बधाई दी।

इस आयोजन के प्रेरणा स्रोत श्री दिनेश जांगिड ''सारंग'' का भी अतिथियों एवं आयोजकों द्वारा भव्य सम्मान किया गया। सभी भामाशाओं का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दूर-दूर से पधारे समाज बंधुओं में अनन्त देव जी बरवाड़िया उदयपुर, श्री भंवरलाल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष पाली, श्री नन्दलाल जी खण्डेला, श्री धर्मेन्द्र जी उदयपुर, श्री अनिल एस. जांगिड गुडगांव, श्री बद्री प्रसाद बी.डी.ओ. सीकर, श्री भीम जी जांगिड विश्वकर्मा मन्दिर अध्यक्ष चेन्नई, श्री रामरतन जी कुचेरा, श्री ओमप्रकाश जी पाली, श्री गंगाधर जी गोडिया, श्री वच्छराज जांगिड से.नि. एस.ई., अहमदाबाद से अशोक जी, मनोज जी, भागीरथ जी सूरत, शम्भु जी बाड़मेर, मदनलाल जी पोकरण, जयपुर से श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री नरेन्द्र देव कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भागीरथ जी सिहोड़ी, श्री कजोड़ जी चिथवाड़ी, श्री कैलाश जी आलीसर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री रामस्वरूप जांगिड झोटवाड़ा, श्री हरिराम जांगिड तहसील अध्यक्ष नांवा, श्री जंवरीलाल जी, भंवर जी कुलरिया, श्री राधेश्याम जी बाड़मेर, श्री भगवान जी बरड़वा, गोविन्द जी कुलरिया, नन्द किशोर जी, कानाराम जी, पुखराज जी, देवानन्द जी, गणपत जी, अणतराम, सुरेश सभी नागौर से, श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनु, श्री ओंकार जी राजोतिया, श्री दामोदर जी शाहपुरा, श्री नानुराम जी जिलाध्यक्ष धुलिया, श्री बजरंग लाल जांगिड (दादा कृपा

ग्लास), श्री नवरंग जांगिड तथा कैप्टन हेमराज जांगिड, श्री रोहिताश जांगिड कोटपूतली से, विष्णु जी, श्रवण जी अंगारी धाम, रामेश्वर जी, नथमल जी सोमरवाल, कुणाल जांगिड, राजकुमार जैतारण से, श्री बसंत जी श्री माधोपुर, श्री गिरधारीलाल भादरिया पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं आदि लगभग 3.5 हजार समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

अंत में श्री चिरंजीलाल जी अध्यक्ष द्वारा सभी समाज बंधुओं का अतिथियों का एवं भामाशाओं का हार्दिक आभार प्रकट किया तथा सभी आगंतुक महानुभावों को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

**तहसील सभा उनियारा (टोंक) की कार्यकारिणी का हुआ गठन**

2 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा उनियारा की मीटिंग विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में श्री रामधन जांगिड तहसील अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में जगदीश जांगिड को संरक्षक, हनुमान जांगिड, शंभुदयाल, रामअवतार, मुकेश जांगिड को उपाध्यक्ष, रमेश जांगिड को मंत्री, विष्णु जांगिड को सहायक मंत्री, रामदयाल जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री नारायण, चिरंजीलाल, रामविलास, कैलाश जांगिड उनियारा, कैलाश जांगिड उखलाना संगठन मंत्री, किशन जांगिड, बजरंग, रामप्रसाद, रामराय जांगिड को प्रचार मंत्री, दलेल चन्द जांगिड, चेतराम, कन्हैयालाल, ओमप्रकाश जांगिड को शिक्षा मंत्री, विजय शर्मा को प्रवक्ता, रामराय जांगिड बोसरिया एवं कैलाश चन्द जांगिड बनेठा को स्वास्थ्य सलाहकार एवं रूपनारायण, महावीर, सत्यनारायण, प्रहलाद, भागचन्द, सोहन, भंवरलाल, कैलाश चन्द, किशन चन्द, रामप्रसाद, कमलेश, बद्रीलाल, नाथूलाल, रमेश चन्द, मुरलीधर जांगिड को कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया।

-कृष्ण कुमार जांगिड पीपलू (पत्रकार)

**जांगिड ब्राह्मण शाखा सभा नजफगढ़ दिल्ली के तत्वावधान में गठित शिक्षा कल्याण समिति का नवम् वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 11 अगस्त, 2019 को**

11 अगस्त, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा, नजफगढ़, नई दिल्ली के अन्तर्गत गठित शिक्षा कल्याण समिति द्वारा नवम् वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह पंचायती श्री राम मन्दिर, रामलीला ग्राउण्ड नजदीक नजफगढ़ पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली-43 में किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।

कार्यक्रम रविवार दिनांक 11 अगस्त, 2019 को दीप प्रज्वलन प्रात: 9.30 बजे, झण्डा अभिवादन प्रात: 9.45, विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रात: 10 बजे, पुरस्कार वितरण प्रात: 11.30 बजे, भण्डारा दोपहर 1.30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : कंवर सिंह ठेकेदार (प्रधान शाखा सभा) मो. : 9313523387, ओम जांगिड (चेयरमैन) मो. : 9990099541, मनीष जांगिड (महासचिव) मो. : 9213860208, वेद प्रकाश (कोषाध्यक्ष) मो. : 7982537110

**एक सुन्दर परम्परा का जयपुर में हो रहा है निर्वहन भगवान विश्वकर्मा जी को प्रत्येक अमावस्या पर लगता है खीचड़ी बाटी का भोग**

2 जुलाई, 2019 (अमावस्या) को विश्वकर्मा मन्दिर रोड नं. 2, वी.के.आई., जयपुर में गणमान्य समाज बंधुओं ने श्री विश्वकर्मा जी को खीचड़ी-बाटी का भोग लगाया तथा प्रसादी ग्रहण की। अक्टूबर, 2018 में जब विश्वकर्मा कथा का भव्य आयोजन जयपुर में हुआ उस दौरान कथा वाचक श्री जयंती भाई शास्त्री जी ने कहा था कि अमावस्या को भगवान को खीचड़ी-बाटी का भोग लगाने से पुण्य फल प्राप्त होता है। इसके उपरान्त इस मन्दिर में निरंतर अमावस्या को भोग लगाया जाता है।

इस अवसर पर समाज बंधुओं में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रधान महासभा, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री राजेश शर्मा महामंत्री महासभा, श्री कैलाश जी (साली वाले) प्रभारी राज., श्री नरेन्द्र देव कोषाध्यक्ष महासभा, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी राजस्थान (प्रदेश सभा), श्री मुकेश झाझवाड़ पूर्व तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड पूर्व तहसील अध्यक्ष शाहपुरा, श्री महेन्द्र कुमार अंगीरा (कार्यालय मंत्री), श्री जगदीश प्रसाद झोटवाड़ा (सह कोषाध्यक्ष), श्री कजोड़ जी चीथवाड़ी, श्री भागीरथ जी सिरोही (सभी प्रदेश सभा राज. से), श्री पूरण जी झोटवाड़ा, श्री रामेश्वर जी टटेरा, श्री सुवा लाल जी पंवार, श्री सूरजमल जी नींदड़, श्री नरेन्द्र कुमार जी पूर्व महामंत्री समिति ढेहर के बालाजी, श्री रामचरण जी बोदल्या पूर्व अध्यक्ष शास्त्री नगर विकास समिति, श्री भगवान सहाय जी जांगिड, श्री सागर जी टिम्बर्स, श्री कैलाश जी अलीसर, श्री मुंशी लाल जी आदि लगभग 350-400 समाज बंधुओं की उपस्थिति रही। भगवान विश्वकर्मा जी की 151 दीपों को प्रज्वलित कर आरती की गई। इससे पूर्व भगवान विश्वकर्मा जी को सुन्दर झांकी से सजाया गया। श्री सीताराम टटेरा एवं श्री कन्हैयालाल जी द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

सभी ने मन्दिर प्रांगण में प्रसादी ली।

ऐसी परम्परा सभी को डालना चाहिए, अमावस्या की छुट्टी का सदुपयोग करने का यह बहुत ही सटीक माध्यम है। हमारा आपस में मेल-जोल बढ़ता है तथा भगवान विश्वकर्मा जी के दर्शन करने से पुण्य अर्जित तो होता है तथा हमारे आराध्य देव के प्रति श्रद्धा जागृत होती है। इसीलिए सभी जगह ऐसे आयोजन होने चाहिए।

इस अवसर पर ''विश्वकर्मा जागृति मंच'' का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष श्री धनेन्द्र जी को सर्व सम्मति से बनाया गया। मंच का गठन वी.के.आई. एरिया से बनाया गया है।

**मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना**

**जांगिड वेलफेयर सोसायटी (रजि.) यमुना विहार दिल्ली द्वारा 17 सितम्बर, 2019 को प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान**

सभी समाज बंधुओं को सूचित किया जाता है कि जांगिड ब्राह्मण

वेलफेयर सोसायटी (रजि.) जांगिड ब्राह्मण सत्संग भवन एवं विश्वकर्मा मन्दिर ब्लॉक सी-1, मैन वजीराबाद रोड़, यमुना नगर, दिल्ली-53 द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विश्वकर्मा दिवस 17 सितम्बर, 2019 को मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत उन सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों जिन्होंने सन् 2019 में सी.बी.एस.ई. परीक्षा 80% या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं उनको सम्मानित किया जाएगा।

अत: जांगिड समाज के सभी छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से निवेदन है कि जिन बच्चों के 80% या अधिक अंक प्राप्त कर बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की है वे सभी अपना आवेदन पत्र निम्नलिखित विवरण सहित 5 अगस्त, 2019 तक संस्था में पहुँचाने की कृपा करें। इसके बाद कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

उपरोक्त सम्मान पात्र करने हेतु विद्यार्थी का कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र में (1) छात्र-छात्रा का नाम, (2) पिता का नाम, (3) अपना पूरा पता पिन कोड सहित एवं फोन नं. (4) बारहवीं कक्षा की अंक तालिका की सत्यापित प्रतिलिपि (5) छात्र के बैंक अकाउंट नम्बर का विवरण, दो पास पोर्ट साईज के फोटो, जिसमें एक प्रार्थना पत्र के साथ चिपका हुआ तथा एक लिफाफे में अलग हो, भेजा जाए।

नोट : विश्वकर्मा दिवस मनाने की तिथि अगले अंक में प्रकाशित की जाएगी।

**-ब्रह्मानन्द शर्मा** प्रधान जा.वै. सोसायटी (रजि.)
मो. : 9810407651

## प्रहलाद राय जांगिड तहसील सभा नावां के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

30 जून, 2019 को विश्वकर्मा मन्दिर मारोठ में श्री प्रहलादराय जांगिड एडवोकेट सुपुत्र श्री लाखाराम जी, निवासी टोडास, तह. नांवा, नागौर अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा नागौर के निर्विरोध तहसील अध्यक्ष बने। चुनाव अधिकारी के रूप में श्री अमर चन्द जांगिड लांपोलाई व श्री रमेश कुमार जांगिड राम नगर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। इस अवसर पर नागौर जिलाध्यक्ष श्री तुलसीराम कुलरिया, महामंत्री श्री बंकट लाल जांगिड, परसाराम चुनाव प्रभारी नावां, हरिराम जांगिड पूर्व तहसील अध्यक्ष नावां, भंवरलाल जांगिड, रामेश्वर जांगिड, सीताराम जांगिड, गंगाराम जांगिड, अमृतलाल जांगिड, मोहनलाल जांगिड, किस्तुरमल जांगिड, मूलचन्द जांगिड, रामनिवास जांगिड, मोहन खोखा जांगिड, आर.डी. मानव पूर्व जिलाध्यक्ष नावां, गिरधारी लाल जांगिड, गोपाल जांगिड सहित बड़ी संख्या में जांगिड समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर महामंत्री जिला सभा श्री बंकट लाल जांगिड नावां में जांगिड समाज छात्रावास की स्थापना व समाज के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति दिलाने के बारे में समाज को अवगत करवाया। वर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया।

## अंगिरा आश्रम एवं छात्रावास समिति कोटपूतली की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

2 जुलाई, 2019 को गोपालपुरा रोड़ स्थित अंगिरा आश्रम परिसर में भामाशाह रतनलाल जांगिड की अध्यक्षता में अंगिरा आश्रम एवं छात्रावास समिति कोटपूतली की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री छीतरमल जांगिड चिमनपुरा, महामंत्री रोहिताश जांगिड (वरि. अध्यापक), कोषाध्यक्ष रमेश जांगिड, लेखाकार किशनलाल जांगिड सहित उनकी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

समारोह का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष तथा अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। सभी अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा समाज संगठन एवं छात्रावास के विकास कार्यों के लिए चर्चा की।

मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच पुष्कर मल, धर्मपाल, सुवालाल, इन्द्राज जी एवं दैव कसाणा, राधेश्याम जी जांगिड पावटा, उपाध्यक्ष राज. प्रदेश, श्री श्याम सुन्दर जांगिड पावटा, श्री पूरण चन्द जी प्रागपुरा रहे।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में कैप्टन हेमराज जांगिड पूर्व अध्यक्ष को संयोजक व दस संरक्षक, दस संगठन मंत्री, दस सलाहकार मंत्री तथा प्रचार मंत्रियों को नियुक्त किया गया। समारोह में सैंकड़ों समाज बंधुओं की उपस्थिति रही, जिसमें श्री राम अड़वानी, भागीरथमल, कन्हैयालाल, हवलदार मातादीन, रामनिवास, धर्मपाल तहसील अध्यक्ष कोटपूतली, रतिराम, बंसतराम जांगिड, प्रभुदयाल जी पूर्व विश्वकर्मा मंदिर अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण जी, बिल्लू, सुनील जांगिड, जयनारायण, जगदीश जांगिड, रामजीलाल, रामचन्द्र जांगिड, बाबूलाल, महेश जांगिड, ओमप्रकाश नारनौली, श्री रामनिवास जी पूर्व तहसील अध्यक्ष, महावीर जी, बंशीधर जी, मन्नालाल जी, कृष्ण जी उपस्थित रहे।

मंच संचालन श्री रोहिताश्व जांगिड वरि. अध्यापक द्वारा किया गया।

## प्रदेश सभा राज. की कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग का आयोजन सम्पन्न

7 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान की त्रैमासिक कार्यकारिणी मीटिंग प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर सामूहिक आरती की गई।

अतिथियों को मंचासीन करवाया गया, जिसमें श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., डॉ. मोतीलाल शर्मा शिक्षाविद्, श्री संजय हर्षवाल, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी, श्री रमेश चन्द शर्मा जिलाध्यक्ष उदयपुर, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष

जयपुर, श्री बांकाराम जांगिड जिलाध्यक्ष बाड़मेर, श्री हरदयाल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर, श्री बंशीलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अजमेर, श्री तुलसीराम जांगिड जिलाध्यक्ष नागौर, श्री रविन्द्र माकड़ जिलाध्यक्ष बीकानेर (आप द्वार एक कमरे की घोषणा), श्री नन्दलाल खण्डेला संयोजक प्रदेश सभा आपके द्वार, श्री राजकुमार सुथार अध्यक्ष न्याय परिषद, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री विद्याधर जांगिड संभाग प्रभारी, श्री खेमचन्द जांगिड संभाग प्रभारी, श्री भागीरथ मल जांगिड सिहोड़ी, श्री सीताराम जी टटेरा, श्री मुकेश झाझवाड़ पूर्व तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री गजानन्द जी एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, श्री मनोहर लाल एक्सईएन पीएचईडी, श्री प्रेम प्रकाश जी जीएसटी, डॉ. मोहित शर्मा (एसएमएस), श्री आनन्दी लाल जी पावटा उपप्रधान आदि उपस्थित हुए।

अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर श्री लखन शर्मा, श्री राजेश शर्मा महामंत्री, श्री सुरेश जी पिलवाल द्वारा सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा द्वारा गत त्रैमासिक मीटिंग की कार्यवाही रिपोर्ट पढ़ी एवं उसका अनुमोदन करवाया गया, जिसको सभी ने हाथ उठाकर अपनी सहमति प्रदान की।

इसके उपरान्त श्री राजेश जी ने गत त्रैमासिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

इसके बाद मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राज. श्री सुरेश पिलवाल जी ने जिला, तहसील, शाखा सभा के चुनाव सम्पन्न होने की खामियों के मद्देनजर, चुनावों की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए एक गाईड लाईन के तहत सम्पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी विशेष परिस्थिति में यदि कोई महत्वपूर्ण कार्य हो तभी किसी अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है अन्यथा समय पर 3 वर्ष की अवधि पर ही चुनाव सम्पन्न होंगे। अधिसूचना के बाद एक महिने तक आप सदस्य बना सकेंगे। चुनाव की प्रक्रिया के बाद अध्यक्ष शपथ लेगा तथा एक महिने में उनको महासभा से पंजीकृत अपनी संस्था को कराना होगा। शपथ ग्रहण भी आवश्यक है। अपनी नवगठित कार्यकारिणी का ऐसा अध्यक्ष ही नहीं चुनना चाहिए जो अपने कार्यकाल में कार्य नहीं कर पाते। इन्होंने प्रदेश जिला, तहसील की हिस्सा राशि के बारे में भी अवगत कराया।

श्री नन्दलाल जी खण्डेला द्वारा अपने उद्बोधन में प्रदेश आपके द्वार के समबंध में अपने एजेण्डे को समझाया। इसके तहत जिला सभा लेवल पर मीटिंग आयोजित होगी, जिसमें तहसील सभा के पदाधिकारिगण, जिला महिला कार्यकारिणी की संयोजक एवं अध्यक्ष तथा सभी अध्यक्ष जयपुर जिले की संस्थाओं के साथ

**सदस्यता :** हमारे कितने सदस्य हैं, इसकी समीक्षा व टारगेट पर विचार करना तथा तहसील व शाखा सभाओं सभी को टारगेट देना।

**संगठन :** जिला स्तर पर सभी महिलाओं व युवाओं का मनोनयन करना। जिला व तहसील स्तर पर मीटिंग की जानकारी, सदस्यों का मीटिंग में क्या रोल है, इसकी समीक्षा करना, कम उपस्थिति के क्या कारण है, इन सभी पर विचार करना।

**जिला सभा ऑफिस :** कहाँ ऑफिस है, पता, उसका रिकॉर्ड, इसी प्रकार तहसील सभाओं के लिए इनकी समीक्षा करना, इनका भी ऑफिस होना चाहिए।

**सामाजिक प्रोपर्टीज :** हॉस्टल, धर्मशाला, इनके ऑनर कौन है, क्या टाईटल है, किस कंडीशन में है, क्या इनकम के साधन हैं, क्या इन प्रोपर्टीज का उपयोग हो रहा है या नहीं, मन्दिरों में कौन पुजारी है, स्व जाति है या दूसरी जाति का, इनके प्रति कैसा समर्पण है आदि पर चर्चा।

**आस्था :** अंगिरा ऋषि व भगवान विश्वकर्मा जी के प्रति हमारी आस्था को कैसे बढ़ायें, भण्डारे, प्रसादी, कथा आदि पर विस्तृत चर्चा कर इसके आगे बढ़ाना।

**छात्रावास :** सभी जिला स्तर पर समाज को भूमि आबंटन करने बाबत् खेलकूद में व जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक समाज को लाभ कैसे, इस पर चर्चा।

**सामूहिक विवाह सम्मेलन :** प्रत्येक जिले को मोटीवेट कर सामूहिक विवाह सम्मेलन की गाईड लाइन पर चर्चा।

**शिक्षा :** प्रतिभा सम्मान समारोह, कोचिंग आदि की व्यवस्था पर चर्चा। जिले की जनगणना करके राजनैतिक, प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण आदि की जानकारी एकत्र करना।

**कुरुतियां :** कुरुतियां जैसे मृत्युभोज, दहेज प्रथा आदि पर विस्तृत चर्चा कर रोकथाम करना।

**कम्युनिकेशन :** प्रदेश सभा से जो भी सूचनाएं हैं वे प्रोपर जिला व तहसील तक पहुँचे, तह, जिला आदि की सूचना प्रदेश तक पहुँचे। इसमें संवाद में जो गेप आता है, उसको खत्म करना ईमेल आई रजिस्टर्ड हो जिसमें ये आसान हो सके।

**मोटीवेट :** प्रत्येक समाज बंधुओं को अपनी आमदनी में से कुछ हिस्सा समाज को दे, इस पर उनको मोटीवलेट करना।

**रूट मैप :** पूरे प्रदेश का एक रूट मैप तैयार करके सभी जगह पर प्रोपर पहुँचकर कर इस योजना का सीधे लाभ उठाए जाने पर चर्चा।

सबसे पहले सीकर जिलाध्यक्ष श्री हरदयाल जी ने इस कार्यक्रम को सीकर में आयोजित करने की सहमति प्रदान की।

इस अवसर पर भामाशाओं को जिन्होंने प्रदेश सभा भवन में खुलकर सहयोग देने पर श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष एवं महामंत्री श्री राजेश शर्मा द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

सभी जिलाध्यक्षों द्वारा अपने जिले की विस्तृत जानकारी (प्रगति रिपोर्ट) मंच के माध्यम से प्रदान की।

✲ जिला सभा सीकर श्री हरदयाल जी ने अपनी जिले की जानकारी के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलनों की पारदर्शिता पर सवाल उठाएं। सभी संस्थाएं महासभा, प्रदेश सभा, जिला सभा से रजिस्टर्ड होनी चाहिए। आपने बच्चों की शादियां समय पर करने पर जोर दिया तथा बालिका शिक्षा को आगे लाने पर भी बल दिया।

✲ बांकाराम जी जिलाध्यक्ष बाड़मेर ने प्रदेश सभा आपके द्वारा की

प्रशंसा करते हुए कहा कि सीकर में जो इसकी प्रथम मीटिंग होगी, उसमें मुझे भी बुलाएं। ताकि आगे जब भी हमारे यहाँ भी मीटिंग हो तो मैं उसका अनुसरण कर मीटिंग को सार्थक बना सके। उन्होंने कहा जिले में आत्म हत्याएं हो रही हैं, युवाओं द्वारा उसकी भी रोकथाम के लिए महासभा, प्रदेश सभा को समुचित कदम उठाने की मांग की। संरक्षक तथा माता-पिता भी अपने बच्चों पर पूर्ण ध्यान रखें। श्री चेतन जी अध्यापक का अहमदाबाद में निधन होने पर बांकाराम जी के अनुसार 2 मिनट का सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आपने 1.11 लाख रुपए की बाड़मेर जिला कार्यकारिणी की ओर से प्रदेश भवन में सहयोग देने की घोषणा की।

✲ जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम जी ने भी अपने जिले की प्रगति रिपोर्ट पर बताया कि यह मेरे कार्यकाल की अंतिम मीटिंग है और 18 अगस्त को नया जिलाध्यक्ष जयपुर का बनेगा। जो भी जिम्मेदारी मुझे मिली उसके लिए हमने बेहतर प्रयास कर कार्य किए।

(1) छात्रावास के लिए जे.डी.ए. को 2400 वर्गगज भूमि आवंटन करने के लिए प्रयास किया जो निश्चित रूप से यहाँ नहीं तो और दूसरी जगह अवश्य ही आवंटित हो पायेगी।

(2) दो बार प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर लगभग 550 छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगाया। राजनैतिक क्षेत्र में भी जिला सभा द्वारा भरपूर योगदान दिया, मृत्युभोज जैसी कुरितियां को दूर करने का प्रयास तहसील लेवल तक जाकर किया।

(3) सामाजिक प्रोपर्टीज संरक्षण के लिए, प्राचीन मन्दिर विश्वकर्मा मन्दिर घाट की गुणी तथा ठाकुर बद्रीनाथ जी के मन्दिर खजाने वाले का रास्ता जयपुर में चलो-चलो मन्दिर से अभियान शुरू किया, जिसके सार्थक परिणाम आने की उम्मीद है।

(4) सामाजिक समरसता पर हमने कार्य किया। हर वर्ष विश्वकर्मा यात्रा जयंति की पूर्व संध्या पर झांकियां सजाकर प्रदेश भवन से घाट की गुणी विश्वकर्मा मन्दिर तक रैली के रूप में ले जाना। इस वर्ष पुलवामा हमले की वजह से यात्रा निरस्तकर जन पद पर शहीद स्मारक पर जिला सभा के बैनर तले श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया तथा कैण्डल मार्च भी किया।

(5) विश्वकर्मा कथा के आयोजन में कथा आयोजकों एवं प्रदेश सभा को पूर्ण योगदान दिया। जिसमें कथा की चर्चाएं पूरे देश में रही 5100 महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई।

जिला सभा द्वारा वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिला सभा जयपुर द्वारा शिक्षा कल्याण कोष की स्थापना कर एक पौधे के रूप में विकसित किया, जिसका 11 लाख रुपए का हमारा टारगेट है। इसमें कोई पैसा नहीं निकाला सकता है तथा केवल ब्याज से सभी विद्यार्थियों को आर्थिक सुविधा मिल सकेगी। शीघ्र ही यह पौधा वटवृक्ष का रूप ले लेगा। खेल-कूदों का भी जिला सभा द्वारा प्रथम बार आयोजन किए गए जिसमें क्रिकेट, शतरंज, बैडमिंटन आदि शामिल है।

जिला सभा की बस्सी तहसील व फागी तहसील में दो भवनों का भी निर्माण हुआ, जिला जयपुर में पूरे देश में सबसे ज्यादा सामूहिक सम्मेलन होते हैं। जिससे समाज को आर्थिक लाभ हुआ है।

✲ श्री तुलसीराम जी जिलाध्यक्ष नागौर एवं श्री बंशीलाल जी जिलाध्यक्ष अजमेर द्वारा भी प्रगति रिपोर्ट पर ध्यान आकर्षित किया।

✲ डॉ. मोतीलाल जी द्वारा बालिका शिक्षा पर अपने उद्‌बोधन में बल दिया। संस्कारों का होना बहुत जरूरी है। ब्राह्मणों एवं जैन समाज ने अपने समाज के लिए गाईड लाइन तैयार कर रखी है। बालिकाएं आज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। दहेज प्रथा की मांग कतई नहीं होनी चाहिए।

✲ श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' जी द्वारा अपने उद्घोषणा में कहा कि लखन शर्मा जी प्रदेश सभा को चार चांद लगा रहे हैं। जो इस दुनिया में लेकर आता है वो लेकर जाता है। यह प्रारब्ध की बात है। यदि समाज को आपकी आवश्यकता है तो आपको सहयोग अवश्य करना चाहिए।

✲ श्री लालचन्द जांगिड ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में कार्यकर समाज की ईमानदारी से सहायता करनी चाहिए। जिम्मेदारी उसी व्यक्ति को दी जाए जो ईमानदारी से अपना कार्य करे। आपको कभी भी कोई भी मेरे एरिया के तीन-चार वार्डों में परेशानी हो तो मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर श्री नाथूलाल जी जांगिड गंगाला जोकि श्री जोगाराम जी (आईएएस) के भ्राता है उनको प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री लखन शर्मा ने युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया। इससे पूर्व में श्री सुरेश गोगोरिया जी थे, लेकिन किन्हीं कारणों से उन्होंने इस पद पर कार्य करने में असमर्थता जाहिर की थी।

मंच संचालन श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री लखन शर्मा द्वारा प्रदेश सभा में श्री नन्दलाल खण्डेला जी को संयोजक प्रदेश सभा आपके द्वार, श्री हरिशंकर जांगिड संयोजक राजनैतिक क्षेत्र प्रदेश सभा, खेमचन्द जांगिड प्रभारी (अलवर, भरतपुर, धोलपुर जिला), विद्याधर जांगिड को प्रभारी (झुंझुनूं, चुरू, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्री गंगानगर), लालचन्द जांगिड को उपाध्यक्ष, श्रवण कुमार हरनेर को उपाध्यक्ष, श्री विजेन्द्र कुमार (विष्णु) को उपाध्यक्ष, श्री रतन हर्षवाल को उपाध्यक्ष, श्री सतीश शर्मा को उपाध्यक्ष, श्री जगदीश प्रसाद सांख (बस्सी) को संगठन मंत्री प्रदेश सभा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

अनुष्का जांगिड जिन्होंने ताइक्वांडो में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सलेक्शन होने पर सम्मानित किया गया। आर्थिक मदद भी दी गई।

इस अवसर पर श्री लखन शर्मा द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमें अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचना है। इच्छा शक्ति होनी चाहिए, कोई मुश्किल नहीं होती है कार्य करने में। समाज के भामाशाओं का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। तीन साल में आपका कार्य क्या सही क्या गलत अपने आप दर्शा देता है समाज को। चुनावों पर गाइड लाईन तैयार कर रहे हैं। आज कितना सकुन है कि माला, साफा,

शॉल सिस्टम नहीं है और सार्थक बातें समाज के समक्ष हो रही है। आज जो पिछले 112 वर्ष तक महासभा द्वारा किया गया, वो अब 10 वर्षो में इतनी प्रोग्रेस हो जायेगी। सामूहिक सम्मेलनों में समाज का पैसा बच रहा है और समाज को आर्थिक मजबूती मिल रही है।

बालिका छात्रावास सीकर का हवाला देते हुए कहा कि हमें ऐसे कार्य हाथ में लेने हैं, पैसा अपने आप आ जाता है। ठोस योजना व उसका लाभ सामने होता है तो भामाशाह पीछे मुड़कर नहीं देखते हैं।

हम एक उद्योग मेले का भी आयोजन करने जा रहे हैं, जिसमें लघु उद्योग, मध्यम तथा कारपोरेट लेवल के उद्योगों को इसमें शामिल करेंगे और बहुत बड़ी जगह, स्टेडियम, अमरूदों का बाग आदि जगह तलाश करेंगे। आप सभी के सहयोग से छ: महिनों में हम यह कार्य कर सकेंगे। आपने हिस्सा राशि की भी बात की जब महासभा से प्राप्त होगी तो जिला सभाओं को हम दे सकेंगे।

सभी का आभार जताते हुए सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर समाज बंधुओं में श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्रीमती स्मिता शर्मा महामंत्री महिला प्रदेश सभा राज., श्रीमती मंजु शर्मा महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती सुमन शर्मा, श्री रामरतन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री मदनलाल आमेरिया पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री अनन्त कुमार बरवाड़िया उदयपुर, श्री छीतरमल सिरोठिया, श्री कजोड़मल चौथवाड़ी, श्री रमेश जी लावण्डीवाल महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री सुरेन्द्र कुमार कासलीवाल, श्री कैलाश जी घसवा, श्री मालीराम जी अध्यक्ष भवन निर्माण कमेटी प्रदेश सभा, श्री रोहिताश जांगिड उपाध्यक्ष, श्री जगदीश डूंगरी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री सत्यनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला, जयपुर, श्री जगदीश जी चरण नदी, श्री राधेश्याम जी रेनवाल, श्री कल्याणमल जी अध्यक्ष तह. सभा कि.-रेनवाल, श्री पुरुषोत्तम जी अध्यक्ष विकास समिति किशनगढ़-रेनवाल, श्री कन्हैया चिचावा, श्री राधेश्याम चिचावा, श्री कैलाश जी अलीसर, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री हनुमान सहाय जांगिड वी.के.आई., श्री मोहनलाल खटवाड़िया अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री महेन्द्र कुमार एडवोकेट, श्री बी.सी. रावत एडवोकेट, श्री भंवर लाल जांगिड एक्सईएन (से.नि.) देवली, श्री घासीलाल जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा बूंदी, श्री रामेश्वर प्रसाद टटेरा, श्री सूरजमल नींदड, श्री घीसालाल जी ढेहर का बालाजी, श्री शंकर लाल जी राधागोविन्द कॉलोनी, महेन्द्र जी अंगिरा, श्री मुंशीलाल जी, श्री लल्लूलाल जी झोटवाड़ा, श्री हरिराम जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष नावां, श्री प्रहलादराय तहसील अध्यक्ष नावां, श्री भंवरलाल थानेदार, श्री भगवान सहाय कड़वानिया ब्लॉक अध्यक्ष किशनपोल बाजार, श्री महेश जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष झोटवाड़ा, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष पांच्यावाला, श्री गोपाल जी पेड़वाल, श्री कैलाश जी पावटा, श्री रामचरण बोदल्या, श्री दामोदर जी शाहपुरा, गोपाल जांगिड (ईईई), श्री सत्यनारायण हरसोलिया अजीतगढ़, श्री परसाराम जी, श्री भंवरलाल जी अठवासिया नागौर आदि सैंकड़ों उपस्थित थे।

### मंदिर ठाकुर श्री बद्रीनाथ जी श्री जांगिड ब्राह्मण पंचायत बड़ा बास संस्था (प्रन्यास) के चुनाव सम्पन्न

मंदिर ठाकुर श्री बद्रीनाथ जी खजाने वालों का रास्ता, चौकड़ी तोपखाना देश, जयपुर (राज.) के श्री जांगिड ब्राह्मण पंचायत बड़ाबास संस्थान (प्रन्यास) के अध्यक्ष का चुनाव की अधिसूचना अध्यक्ष प्रन्यासी श्री हरूण हर्षवाल द्वारा जारी की गई, जिसमें नए अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया निम्न प्रकार थी-

* प्रन्यासियों का नवीनीकरण शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि 30 जून, 2019 (सायंकाल 5 बजे तक)

* संशोधित मतदाता सूची जारी करने की दिनांक 5 जुलाई 2019 (सायंकाल 5 बजे तक)

* अध्यक्ष प्रन्यासी प्रत्याशी द्वारा नामांकन प्रपत्र जारी करने की तिथि 5 जुलाई, 2019 से 7 जुलाई, 2019 (सायंकाल 5 बजे तक) नामांकन प्रपत्र शुल्क 1100/-रु. एवं धरोहर राशि 11000/-रु. थी।

* अध्यक्ष प्रन्यासी प्रत्याशी नामांकन वापस लेने की तिथि 8 जुलाई, 2019 (सायंकाल 5 बजे) तक थी।

* अध्यक्ष प्रन्यासी नामांकन प्रपत्र की जाँच कर प्रत्याशियों की घोषणा 9 जून, 2019 को (सायंकला 5 बजे)

* मतदान की तिथि 13 जुलाई, 2019 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थान प्रदेश सभा भवन, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर था।

* निर्वाचित अध्यक्ष प्रत्याशी की घोषणा 13 जुलाई, 2019 को मतगणना के बाद होनी थी।

* यदि एक प्रन्यासी प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में रह जाने पर उसे निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा। नाम वापसी पर-

इस चुनाव में नामांकन दिवस 7 जुलाई, 2019 को मन्दिर ठाकुर बद्रीनाथ जी खजाने वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर पर अध्यक्ष प्रन्यासी प्रत्याशी के रूप में मात्र एक नामांकन पत्र श्री नन्द कुमार शर्मा (मारूति कास्टिंग) का प्राप्त हुआ और कोई आवेदन 8 जुलाई तक समय सीमा में नहीं आया और इस प्रकार 9 जुलाई 2019 को चुनाव अधिकारियों एडवोकेट श्री आर.डी. शर्मा एवं मनोज जांगिड एडवोकेट द्वारा प्रदेश सभा भवन सेक्टर-4, विद्याधर नगर में श्री नन्द कुमार शर्मा (मारूति कास्टिंग) को निर्विरोध श्री जांगिड ब्राह्मण पंचायत बड़ा बास संस्था (प्रन्यास) का अध्यक्ष चुने जाने की अधिकारिक घोषणा की गई।

नामांकन के अवसर पर मन्दिर ठाकुर बद्री नाथ जी के परिसर में समाज बन्धुओं में श्री नन्दकुमार शर्मा (मारूति कास्टिंग), श्री अरूण हर्षवाल, श्री रामबिहारी तीतरवाड़िया, श्री बी.सी. रावत, श्री छीतरमल उबाणा, श्री उमेश जी एक्सईएन मेट्रो, श्री संजय हर्षवाल, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री लोकेश जांगिड (तनुष्का ज्वैलर्स), श्री आर.डी. शर्मा एडवोकेट एवं श्री मनोज जांगिड एडवोकेट चुनाव

अधिकारी, श्री सीताराम जांगिड जांगिड इन्टरक्राफ्ट, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री रामसहाय जांगिड डिब्बे वाले अध्यक्ष सीताराम मन्दिर बास सांगानेर, श्री दिनेश जी कड़वाणिया, श्री कैलाश जी घसवा, श्री हनुमान सहाय कड़वाणिया, श्री कमल किशोर वास्तुकार, श्री भगवान साहय कड़वाणिया ब्लॉक अध्यक्ष किशनपोल बाजार, श्री कृष्ण कुमार शर्मा, श्री श्रीखोवाल, श्री श्यामलाल जी खजाने वालों का रास्ता, श्री मुन्ना जी, श्री कन्हैयालाल तालचड़िया, श्री मुकुन्द जी अध्यक्ष शाखा सभा कालुण्डिया बास, श्री नवरंग जांगिड अजन्ता ऑप्टिशियन, श्री श्याम सुन्दर जालुण्डिया, श्री कुन्दनमल जी ब्लॉक अध्यक्ष आगरा रोड, श्री सूरज मल जी घड़ीसाज आदि अनेकों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

स्मरण रहे मंदिर ठाकुर श्री बद्रनाथ जी के मंदिर का प्रकरण दो अध्यक्षों के विवादों के रहते लम्बे समय से चल रहा था। जिला सभा जयपुर की पहल पर श्री बद्रीनाथ जी के मन्दिर में समाज की 28 अप्रैल, 2019 को एक आम सभा बुलाई गई, जिसमें श्री अरूण हर्षवाल जी एवं श्री ओमप्रकाश आसलिया जी दोनों को भी इस आमसभा में बुलाया गया, लेकिन दोनों अनुपस्थित रहे। श्री अरूण हर्षवाल जी की ओर से उनके भ्राता श्री संजय हर्षवाल जी ने अपने भ्राता की ओर से समाज को सम्पूर्ण सहयोग देने की बात कही। उन्होंने ऐसा किया भी। दूसरी ओर से राजाबाबू (काका) ने भी दूसरे पक्ष की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि समाज जैसा चाहेगा वैसा ही होगा। उन्होंने राम बिहारी जी तीतरवाड़िया की ओर से कहा यदि दोनों पार्टी समझौता करती है तो मैं इनकी ओर से आश्वासन देता हूँ। लेकिन कुछ समय उपरान्त वे चले गए। आम सभा में जिला सभा द्वारा दोनों अध्यक्षों को 2-3 दिनों का समय देकर कहा कि दोनों इस प्रकरण को कोर्ट से वापस लेकर नए शिरे से चुनाव सम्पन्न करवाए। अन्यथा जिला सभा की ओर से गठित समिति समय सीमा के बाद कोर्ट में कार्यवाही करने को बाध्य होगी।

जिला सभा द्वारा इसके लिए 3 सदस्यों की समिति बनाई, जिसके अध्यक्ष श्री बी.सी. रावत एडवोकेट एवं श्री उमेश जी एक्सईएन मेट्रो, श्री छीतरमल जी उबाणा थे। कमेटी ने रिपोर्ट दी कि 19 वर्ष से चुनाव नहीं हो रहे थे। इन्होंने देवस्थान विभाग से सम्पूर्ण जानकारी एवं कोर्ट आदि प्रकरण की जानकारी ली। इस बीच श्री अरूण हर्षवाल जी जो इस प्रन्यास के अध्यक्ष हैं उन्होंने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी तथा इस प्रकार चुनाव सम्पन्न हुए और श्री नन्द कुमार शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष इस प्रन्यास के चुने गए।

**जांगिड समाज गांधीधाम द्वारा आयोजित सरस्वती सम्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न**

29 जून, 2019 को जांगिड ब्राह्मण समाज समिति गांधी धाम द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सरस्वती सम्मान तथा साथ ही समाज के ही बच्चों, युवाओं व महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन अध्यक्ष श्री गुरुदत्त शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि में सर्व श्री डी.के. शर्मा (जांगिड) जी (Senior Intelligence Officer/Additional Assistant Directo DGGI, Gandhidham), आर्य समाज गांधीधाम के यशस्वी प्रधान एवं डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य वाचोनिधि जी, जांगिड समाज के गौरव व भामाशाह श्री नेमीचंद जी, गांधीधाम नगर सेवा सदन के नागरपति श्री कानजी भाई आर्य, श्री मुकेश जी सुथार (पीएसआई इंटेलिजेंस ब्यूरो), नगरपालिका के शासक पक्ष नेता श्री चंदन भाई जैन, पत्रकार गीतेश जांगिड जयपुर, हेमंत भाई गज्जर, प्रदीप भाई परमार, नगर पार्षद रतिलाल परमार व अन्य गणमान्य महानुभावों ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सरस्वती सम्मान के अंतर्गत समाज के जो विद्यार्थी उच्च अंकों से पास हुए थे, उनमें से प्रथम/द्वितीय को गोल्ड/सिल्वर मेडल, सम्मान पत्र व गिफ्ट देकर अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों, युवाओं व महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंच से देश भक्ति, राजस्थानी, गुजराती, हिंदी गीतों पर बहुत ही सुंदर नृत्य व गायन प्रस्तुत किए। जांगिड समाज महिला मंडल की महिलाओं द्वारा भी मंच पर मारवाड़ी में भजन प्रस्तुत किए। बच्चों एवं युवाओं ने मिलकर बहुत ही सुंदर हास्य व्यंग्य के दो नाटक प्रस्तुत किए। कुछ बच्चों ने मिलकर मंच से अंताक्षरी में गीत प्रस्तुत किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंच पर भव्य प्रस्तुति करने वाले सभी बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को समाज द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जांगिड समाज गांधीधाम की क्रिकेट टीम ''जांगिड 11'' जिसने राजस्थान/गुजरात में विभिन्न टूर्नामेन्ट में भाग लेकर सफलताएं प्राप्त की उन सभी युवाओं को भी मंच से सम्मानित किया गया।

क्रिकेट के साथ-साथ वॉलीबॉल, फुटबॉल गेम्स में समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं श्री गोविन्द सुथार व प्रतीक जांगिड को भी मेडल एवं सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इसी तरह समाज के प्रतिभाशाली ''युवा उद्यमीयों'' जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल की है, उनमें सर्व श्री मनीष लुंजा (इंफो टेक्नो.), नीलेश शर्मा (ऑटोमोबाइल क्षेत्र), मुकेश सुथार (फिल्म क्षेत्र), डॉ. प्रशांत शर्मा व सुशील शर्मा (योग एवं मोटिवेशन गुरु) को राजस्थानी साफा, माला व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उच्च शिक्षा में भी विशेष उपलब्धि प्राप्त कर अपना व समाज का नाम रोशन करने वो प्रतिभावान युवा विद्यार्थी कुलदीप शर्मा, हर्ष जांगिड आदि को मेडल व सम्मान पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतियोगियों का उत्साह व संख्या इतनी अधिक थी कि चार घंटे तक बिना विश्राम लिए इस कार्यक्रम को पूरा करते-करते रात के लगभग 11 बजे चुके थे। फिर भी कुछ बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेने से वंचित रह गए। सभी समाज

बंधुओं के सहयोग से कार्यक्रम बहुत ही भव्य व पूर्ण रूप से सफल रहा। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय समाज के सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा मंडल के नवयुवकों को जाता है तथा युवा वर्ग के हरिराम जी, मुकेश कानाराम जी, निकेत पवनलाल जी का विशेष योगदान रहा। युवाध्यक्ष सुजाराम जी, राजेश पारसमल जी, कानाराम जी, नारायण जी लूंजा, घेवरचंद जी, मुकेश पुखराज जी, शांति लाल जी, कैलाश जी, दिलीप जी, प्रकाश जी, उमेदराम जी, गोपाल जी, मुकेश हस्मिलजी व अन्य सहयोगियों ने व्यवस्था के लिए कड़ी मेहनत की उन सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

किसी भी कार्यक्रम की सफलता पूर्णरूप से उसके संचालन पर निर्भर होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने व श्रेष्ठ संचालन करने का श्रेय आदरणीय मोहनलाल जी को विशेष जाता है। गुरुदत्त जी का भी सहयोग रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विजयराज जी व उनके सहयोगियों ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया है। हम इन सभी महानुभावों का धन्यवाद मानते हैं।

समारोह को सफल बनाने में हमारे समाज के सभी दानदाताओं का हम हार्दिक धन्यवाद मानते हैं, उनके सहयोग से ही यह कार्यक्रम सफल रहा।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद और विशेषकर उन सभी माता-पिता का हम हृदयपूर्वक धन्यवाद मानते हैं जिन्होंने अपने संस्कारी बच्चों को इस सांस्कृतिक व सरस्वती सम्मान के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की हम भगवान श्री विश्वकर्मा से कामना करते हैं। वे भविष्य में उत्तरोत्तर प्रगति करे एवं अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ पुन: आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

**-हरीराम शर्मा** (मंत्री)

### अ.भा. भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संस्थान की साधारण सभा व मानसून गोठ का आयोजन सम्पन्न

7 जुलाई, 2019 को अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्थान द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के फार्म हाउस पर एक साधारण सभा एवं मानसून गोठ का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी, जिला के सभी सदस्यों ने भाग लिया तथा अपने-अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया।

आजकल बाजारों में मसालों में मिलावट हो रही है, उसको रोकने की जानकारी प्रदान की गई। सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओं तथा जल व्यर्थ न जाए इस पर जोर दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, महासचिव श्री के.के. शर्मा, संगठन मंत्री कुन्दनलाल शर्मा जी ने एक-एक पेड़ लगवाया।

अंत में सभी ने सहभोज में दाल-बाटी-चूरमा का आनन्द लिया।

## श्रद्धांजली



**श्रीमती कमला देवी** धर्मपत्नी श्री बंशीधर सहवाल (उदयपुरिया वाले) निवासी त्रिलोक नर्सिंग होम के सामने, नया बाजार, चौमूं, जयपुर का निधन 13 मई, 2019 को हो गया। तीये की बैठक अग्रवाल धर्मशाला, चौमूं पर हुई, जिसमें सैंकड़ों समाज बंधुओं ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी। परिवार ने मृत्युभोज नहीं किया तथा ना ही कपड़े (पहरावणी) ली। अंतत: समाज के लिए एक बहुत अच्छा संदेश पहुँचाया।

शोकाकुल परिवार : श्री बंशीधर सहवाल (पति), श्री रमेश कुमार सहवाल (पुत्र) शुभम (पौत्र) एवं समस्त सहवाल परिवार उदयपुरिया वाले। मो. : 9829936150



**श्रीमती विमला देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री हनुमान सहाय शर्मा (रोड़वाल) निवासी 192/245, जानकी देवी स्कूल के पास, एन.आर.आई. सर्किल, प्रताप नगर, जयपुर का देहावसान दिनांक 23 जून, 2019 को हो गया। तीये की बैठक 25 जून, 2019 को निज निवास पर हुई, जिसमें सैंकड़ों समाज बंधुओं ने ईष्ट मित्रों एवं परिवारजनों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

शोकाकुल परिवार : उमाशंकर शर्मा (कोटा थर्मल)-कान्ता देवी शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु), चेतन, डोली (पौत्र, पौत्री), माया-कैलाश शर्मा, मंजु-शिवरतन शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, मदन जांगिड (एएओ), लालाराम, नानूराम, सत्यनारायण, रामबाबू, प्रदीप, अशोक, योगेश, अनिल, दामोदर, अजय, पवन, पार्वती (गुड्डी)-अनिल शर्मा (बेटी-दामाद) एवं समस्त रोडवाल परिवार श्योपुर, जयपुर

फर्म : आकृति फोटोग्राफी मो. 9414938537, 9414942176



**अमर चन्द जांगिड** निवासी 1477, हर चन्द लाला की गली, सुभाष चौक, जयपुर का निधन 21 जून, 2019 को हो गया। तीये की बैठक 23 जून, 2019 को इनके निज निवास पर हुई, जिसमें सैंकड़ों समाज बंधुओं, ईष्ट मित्रों एवं परिवारजनों ने दिवंगत आत्मा की तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी।